जन्मो जनम मिले मुझे बाबोसा तेरा प्यार भजन लिरिक्स

तेरा आसरा, मुझे तेरा आसरा,
बस तेरा आसरा, मुझे एक तेरा आसरा,
जन्मो जनम मिले,
मुझे बाबोसा तेरा प्यार,
छुटे ना हमसे कभी,
तेरा ये साँचा दरबार,
बाबोसा का मैं हूँ दीवाना,
चरणों मे उनके मेरा ठिकाना,
यही मेरे आधार,
जन्मों जनम मिले,
मुझे बाबोसा तेरा प्यार,
छुटे ना हमसे कभी,
तेरा ये साँचा दरबार।**bd।**

तर्ज – सातो जन्म में तुझे।

मेरे सर पे रहता है,
सदा ही उनका हाथ,
मेरा साया बनके चले,
बाबोसा दिन और रात,
ये सांसे भी अब मेरी,
कर्जदार है तेरी,
ओ मेरे प्यारे सरकार,
जन्मों जनम मिले,
मुझे बाबोसा तेरा प्यार,
छुटे ना हमसे कभी,
तेरा ये साँचा दरबार।**bd।**

औकात नही जितनी,
मुझको है दिया उतना,
लब्जो में बयां ना हो,
तूने प्यार दिया इतना,
दामन ना कभी छुटे,
शैलू कभी ना रूठे,
मेरे 'दिलबर' ओ दिलदार,
जन्मों जनम मिले,
मुझे बाबोसा तेरा प्यार,
छुटे ना हमसे कभी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा आसरा, मुझे तेरा आसरा,
बस तेरा आसरा, मुझे एक तेरा आसरा,
जन्मो जनम मिले,
मुझे बाबोसा तेरा प्यार,
छुटे ना हमसे कभी,
तेरा ये साँचा दरबार,
बाबोसा का मैं हूँ दीवाना,
चरणों मे उनके मेरा ठिकाना,
यही मेरे आधार,
जन्मों जनम मिले,
मुझे बाबोसा तेरा प्यार,
छुटे ना हमसे कभी,
तेरा ये साँचा दरबार।bd।

गायक – शेलेन्द्र नीलम मालवीया।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'
नागदा 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com